Regarding construction of Railway overbridge

श्री कौशलेन्द्र कुमार **(नालंदा) :** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दनियावां-बिहार शरीफ रेल खंड पर कुकरिया गांव में अंडरपास अथवा ओवरब्रिज का निर्माण अति-आवश्यक है । माननीय रेल राज्य मंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं । हम लोग विकास के लिए लगातार प्रयास करते हैं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में एक कुकरिया गांव है, वहां दनियावां-बिहार शरीफ रेल खंड चालू है । वहां पर काफी स्कूल्स हैं, उच्च विद्यालय बमपुर है और निकटतम जितने भी गांव हैं, वहां पर कोई आवागमन नहीं है ।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा, माननीय रेल राज्य मंत्री जी बैठे हैं, कि दनियावां बिहार शरीफ रेल खंड पर कुकरिया गांव में अंडरपास की सुविधा दे दी जाए या ओवरब्रिज बना दिया जाए, जिससे वहां पर आने-जाने वालों को सुविधा हो सके ।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।